Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand for four lanning of Ujjan-Jhalawar road.

श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी और गडकरी जी को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने उज्जैन-झालावाड़ टू-लेन रोड सैंक्शन किया है। इस रोड पर काफी दुर्घटनाएं हो रही हैं, ट्रैफिक का काफी लोड है और सैकड़ों परिवार के लोगों की जानें इन दुर्घटनाओं में चली गई हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय गडकरी जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इसको वे अगर फोर-लेन बनाने के लिए स्वीकृत कर देंगे तो इससे काफी परिवार सुरक्षित हो जाएंगे। यह रोड कोटा के लिए भी जाती है। आपको भी इस रोड की पूरी जानकारी है कि इस पर काफी लोड है।

अत: आपके माध्यम से मेरा गडकरी साहब से निवेदन है कि इस रोड को वे फोर-लेन करवाने की कृपा करें, क्योंकि उज्जैन में सिंहस्थ भी आता है, इसलिए सिंहस्थ को भी ध्यान में रखते हुए इसे फोर-लेन करना बहुत जरूरी है। यही मेरा आपसे आग्रह, अनुरोध है। धन्यवाद।